32 स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन मशीनें लगाई

बीकानेर, (कासं)। करमा बाई जाट महिला संस्था ने 32 स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन मशीनें लगाई।

करमा बाई जाट महिला संस्था राजस्थान की महिलाओं की पहली रजिस्टर्ड संस्था है। यह संस्था प्रदेश के 17 जिलों के अलावा देश के पंजाब, हरियाणा और गुजरात में भी चल रही है। बीकानेर में मुरलीधर व्यास कॉलोनी में संस्था का कार्यालय है। करमा बाई जाट महिला संस्था बीकानेर की जिलाध्यक्ष भंवरी ठोलिया ने बताया कि संस्था महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए स्किल डवलपमेंट प्रशिक्षण में सिलाई-कटाई प्रशिक्षण, बूंदी बंधेज प्रशिक्षण, साबुन और मोमबत्ती निर्माण, कढ़ाई बुनाई, कई हस्त निर्मित उत्पाद, निर्माण वर्कशाप के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा और माहवारी के संबंधी सेमिनार करती है। संस्था की ओर से प्रदेश की 32 ग्रामीण क्षेत्र की स्कूलों में सैनेटरी नैपकिन वेडिंग मशीन लगवाई गई है। इसमें बीकानेर की 10 से अधिक स्कूलों को शामिल किया गया है।

बीकानेर में 15 सदस्यों की टीम सारे काम करती है। किसी भी भामाशाह का सहयोग नहीं लिया जाता। संस्था ने अब तक 28 गुड टच बैड टच वर्कशाप और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर लगा चुकी है। संस्था की ओर से प्रदेश के 24 स्थानों पर घरौंदे और परिंडे लगवाये गए हैं। वृद्धाश्रम और अनाथाश्रमों में लगातार व्हीलचेयर फ्रीज, कूलर और भोजन वितरण कार्य करती है। मूक बधिर स्कूलों में स्मार्ट टीवी और पंखे लगवाए हैं। कच्ची बस्तियों में शॉल, सेनेटरी पैड वितरण करती है।

चारे से भरी पिकअप में लगी आग, अफरा-तफरी मची

नोखा, (कासं)। नोखा-सुजानगढ़ मार्ग पर हिम्मटसर के पास आज सुबह 6:30 बजे एक चलती पिकअप में अचानक आग लग गई। पिकअप में चारा भरा हुआ था। स्टेट हाईवे पर गाड़ी से आग की लपटें निकलते ही अफरा-तफरी मच गई।

कातर निवासी नन्दलाल जाट अपनी नई पिकअप में पहली बार चारा बेचने जा रहे थे। हिम्मटसर के पास पहुंचते ही गाड़ी में आग लग गई। हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। चालक ने तुरंत गाड़ी रोक दी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही नोखा से दमकल रवाना की गई। दमकलकर्मी बजरंग भाम्भू और राजूसिंह की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने लगभग 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। नोखा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। नगर पालिका की दमकल टीम ने समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

- **नोखा-सुजानगढ़ मार्ग पर हिम्मटसर के पास चारे से भरी पिकअप में अचानक आग लग गई**

नोखा-सुजानगढ़ मार्ग पर हिम्मटसर के पास चारे से भरी पिकअप में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

जूतों की दुकान में आग लगी : बीकानेर में केईएम रोड पर स्थित एक जूतों की दुकान में रविवार देर रात आग लग गई। आग से दुकान में रखे लाखों रूपये के जूते-चप्पल जलकर राख हो गए। आसपास के लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सामान को बचाया नहीं जा सका।

रविवार रात को दुकान बंद थी और इसमें शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगने के बाद लोगों ने दुकान से बाहर आता धुंआ देखकर दुकान मालिक को फोन किया। बाटा गली में स्थित संत शू स्टोर में लगी आग के बाद लोगों ने मालिक का इंतजार नहीं किया बल्कि पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। जलते हुए सामान को बाहर निकालने की कोशिश भी की गई लेकिन आग इतनी फैल चुकी थी, किसी का पास जाना संभव नहीं हुआ। घटना के बाद कोटगेट पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। तब तक लाखों रूपये का सामान अंदर जल चुका था। आग लगने पर आसपास की दुकानों को भी खाली करवाया गया। हालांकि आसपास की दुकानों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। लाइट्स भी बंद करवाई गई ताकि कोई अनहोनी नहीं हो। कोटगेट थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में ये आगजनी की दूसरी घटना है। इससे पहले कोटगेट थाने के सामने ही अंबरवाला रेस्टोरेंट में भी रात के समय आग लग गई थी।

चैन स्नेचर पकड़ा : जिला अस्पताल के पीछे एक महिला के गले से सोने की चैन तोड़ने का प्रयास कर रहे युवक को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम को अशोक पालीवाल की पत्नी घर के बाहर खड़ी थीं। उसी दौरान एक युवक ने उनके गले में पहनी चैन तोड़ने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों का कहना है कि आरोपी के साथ दो युवक और थे जो फरार हो गए। सूचना मिलने पर नया शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पकड़कर ले गई। एसएचओ विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि इस संबंध में फिलहाल किसी ने परिवाद नहीं दिया है। युवक को शांति भंग करने के आरोप में पकड़ा है। उससे पूछताछ की जा रही है।

रेल गाड़ियों के समय और रूट में बदलाव

बीकानेर, (कासं)। रेलवे ने निर्माण और मरम्मत कार्यों के चलते कई गाड़ियों का समय परिवर्तन किया गया है। वहीं कुछ गाड़ियों के रूट में परिवर्तन किया गया है। इसमें बीकानेर मंडल की गाड़ियां शामिल है।

रोहतक, भिवानी सहित अनेक स्टेशनों से गुजरने वाली इन गाड़ियों के संचालन में परिवर्तन हुआ है। गाड़ी संख्या 14717, बीकानेर-हरिद्वार रेलसेवा जो 21, 23, 25, 28, 30 अप्रैल, दो, पांच, सात व नौ मई को 09 ट्रिप के लिए बदलाव किया गया है। ये रेल बीकानेर से प्रस्थान करेगी, व रेलसेवा परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाईपास-रोहतक होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14718, हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा जो 22, 24, 26, 29, अप्रैल और एक, तीन, छह, आठ व दस मई को 9 ट्रिप हरिद्वार से प्रस्थान करेगी व रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रोहतक- भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 14029, श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा जो दिनांक 22.04.25 से 07.05.25 तक (16 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी व रेलसेवा परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाईपास-रोहतक-रेवाडी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी, रोहतक व झज्जर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14030, मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर रेलसेवा जो 22 अप्रैल से 7 मई तक (16 ट्रिप) मेरठ कैंट से प्रस्थान करेगी।

सार-समाचार

आस चौथ पर खेजड़ी की पूजा

नोखा में आस चौथ पर महिलाओं ने खेजड़ी की पूजा करके पति की लम्बी उम्र की कामना की।

नोखा, (कासं)। चैत्र कृष्णा चतुर्थी को आस चौथ के अवसर पर नोखा में महिलाओं ने व्रत रखा। महिलाओं ने खेजड़ी की पूजा कर पति की लम्बी उम्र की कामना की। महावीर चौक में महिलाओं ने खेजड़ी की पूजा की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आस चौथ की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। महिलाओं ने समूह में बैठकर कथा सुनी। व्रत के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की गई। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने सूर्य को अर्ध्य दिया। मंगल कामना के लिए किए जाने वाले इस व्रत की पूरी तैयारी की गई थी। महिलाएं पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंची और प्रभु से प्रार्थना की। कई मंदिरों में आस माता व्रत की कथा सुनाने की विशेष व्यवस्था की गई थी। तिरूपति नगर में मीनू शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई। मंजू सुथार, सुशीला सुथार, ममता सुथार, शांति सुथार, सोनू सुथार, संतोष सुथार, मीना शर्मा, सरोज पंचारिया, मोनिका माली, अनु माली, लक्ष्मी सुथार और मीना पंचारिया सहित अन्य महिलाओं ने खेजड़ी वृक्ष की परिक्रमा की।

होली मिलन समारोह

हिमालय परिवार बीकानेर यूनिट ने होली मिलन समारोह में सदस्यों ने कविता पाठ किया।

बीकानेर, (कासं)। हिमालय परिवार बीकानेर यूनिट ने होली मिलन समारोह प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. सुषमा बिस्सा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सचिव आर. के. शर्मा ने बताया कि मोहन नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुतियां दी तथा कविता पाठ किया। इसके अलावा गत सिंधु दर्शन यात्रा के अनुभव साझा किये। तीन बार कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले रमाकांत शर्मा ने अपनी मोटरसाइकिल से महाकुंभ स्नान करने के साथ यात्रा वृतांत उपस्थितों से साझा किया। कार्यक्रम में 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा की जानकारी अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि 18 जून को बीकानेर से रेल द्वारा कुरूक्षेत्र की यात्रा की जायेगी। 19 जून को कुरूक्षेत्र भ्रमण के बाद रात्रि को मनाली की बस यात्रा की जायेगी। भ्रमण करते हुए दल के सदस्य 23 से 28 तक लेह में सिंधु दर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वापसी में कारगिल वॉर मेमोरियल, खारदूंगला पास होते हुए श्रीनगर भ्रमण करते हुए जम्मू पहुंचकर यात्रा संपन्न होगी।

'युवाओं को नशे से दूर रखें'

बीकानेर, (कासं)। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार बीकानेर जिले की सभी ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाया जायेगा। इस दिशा में एसआरकेपीएस और जिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिषद सभा कक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि युवाओं को तंबाकू उत्पादों से दूर रखकर नशा मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीकानेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खाने वाले तंबाकू उत्पादों का अधिक उपयोग हो रहा है, जिसे रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य कार्मिक मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने पंचायती राज विभाग के सभी कार्मिकों से आव्हान किया कि वे सामूहिक प्रयासों से प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहले चरण में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों की स्थापना करें और फिर चरणबद्ध तरीके से तंबाकू मुक्त भवन और ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में कार्य करें। एसआरकेपीएस प्रतिनिधि राजन चौधरी ने बैठक में उपस्थित पंचायत समिति के विकास अधिकारियों और अतिरिक्त विकास अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन 200 लोग तंबाकू का सेवन छोड़ देते हैं, लेकिन यह छोड़ना उनकी इच्छा से नहीं बल्कि तंबाकू जनित बीमारियों से होने वाली मौतों के कारण होता है।

अवैध संबंध का पता चलने पर किया था महिला का मर्डर

बीकानेर, (कासं)। अवैध संबंधों को छिपाने के लिए एक युवक ने पहले महिला की हत्या की और इसके बाद हत्या के विरोध में खुद ही पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी के आगे धरने पर बैठ गया। पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए युवक को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

उसने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि सिर पर भारी चीज से वार करके पहले हत्या की और बाद में शव को जलाने का भरसक प्रयास किया। मुक्ता प्रसाद थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि 7 मार्च को मांगीलाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी का शव घर में अधजला मिला है। उसकी पत्नी मनीषा का शव देखकर पुलिस को शक हो गया था कि किसी ने हत्या की है। घटना स्थल पर एक दरवाजा खुला था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करने के लिए घटनास्थल के आस-पास व बीकानेर से आने जाने के रास्ते पर करीब 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए तथा घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए। घटना स्थल के आस-पास डोर-टू-डोर सर्वे कर करीब 300 लोगों से पूछताछ की व पुलिस टीमों द्वारा महिला के शव मिलने वाले घटनास्थल के पास लगातार सात दिनों तक दिन रात उस रूट से आने जाने वाले करीब 500 लोगों से जानकारी जुटाई।

- **आरोपी के मृतका की जेठानी व चचेरी बहिन सुमन के साथ करीब एक साल से अवैध संबंध थे**
- **मृतका के विरोध करने पर आरोपी व प्रेमिका ने रची हत्या की साजिश**

बीकानेर शहर में रहने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। कड़ी से कड़ी जोड़कर जघन्य हत्याकांड में शामिल आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गोपाल कुम्हार ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके मृतका की जेठानी व चचेरी बहिन सुमन के साथ पिछले करीब एक साल से अवैध संबंध थे। इसका पता को कुछ समय पहले मृतका को लगा तो उसने विरोध किया। आरोपी गोपाल कुम्हार व उसकी प्रेमिका सुमन ने मृतका की हत्या करने का प्लान किया। इसके लिए दोनों ने कई वेब सीरीज व क्राइम एपिसोड देखे। आरोपी गोपाल कुम्हार को उसकी प्रेमिका ने मृतका के घर की सारी जानकारी दी।

शंकराचार्य सच्चिदानंद 24 को आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। सनातन धर्म रक्षा समिति की ओर से 23 मार्च से होने वाले 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ भंवरलाल रामनारायण मोदी बगीची स्थित जंगलेश्वर महादेव में होगा।

इस महायज्ञ के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह होगा जो 29 मार्च तक चलेगा। महायज्ञ के आचार्य पंडित योगेश बिस्सा होंगे। वहीं भागवत कथा का वाचन बालाजी सेवा धाम नागौर के महामंडलेश्वर आचार्य बजरंग दास महाराज करेंगे। शहर में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए 24 मार्च को द्वारका पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज बीकानेर आयेंगे। वे तीन दिन तक बीकानेर में रहेंगे। जगदगुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती 25 मार्च को सुबह 11 बजे नोखा तहसील के सिलवा गांव में भामाशाह नरसी कुलरिया के निवास नरसी विला पहुंचेंगे।

अब एचडी तकनीक से पीबीएम में स्पाइन सर्जरी

बीकानेर, (कासं)। रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन सर्जरी के लिए अब चीरा लगाने की जरूरत नहीं होगी। इसका ऑपरेशन अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक से बीकानेर में भी किया जा सकेगा।

अभी यह तकनीक जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में ही है। पीबीएम हॉस्पिटल में प्रदेश की दूसरी हाई डेफिनेशन (एचडी) 4 के 3डी स्पाइनल एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीक विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए एक करोड़ 60 लाख में एडवांस ट्रोमा विजुलाइजेशन सिस्टम लगाया जायेगा। वर्तमान में यह सिस्टम सरकारी क्षेत्र में जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ही है। ट्रोमा सेंटर स्थित आर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट में रोज करीब 200 मरीजों की ओपीडी रहती है। इसमें 10 से 12 केस स्पाइन सर्जरी के होते हैं। कुछ महीने दवाएं लेने के बाद उन्हें सर्जरी करवानी ही पड़ती है। पीबीएम हॉस्पिटल- हाई डेफिनेशन 4 के 3डी स्पाइनल एंडोस्कोपिक सर्जरी में बारीक टिश्यू की प्रकृति को देखा जा सकता है। रीड की हड्डी के आसपास सभी तरह की नर्व, आर्टरी, वेन्स की पहचान करना आसान है। गलती होने का चांस ना के बराबर रहता। मॉनिटर पर देखकर डॉक्टर स्पाइन की सर्जरी करते हैं। इस सिस्टम से प्रारंभिक स्टेज में ही मरीज के रीढ़ की हड्डी की बीमारी का पता चल सकता है, जिससे समय पर उसका इलाज संभव है। एक छोटा सा छेद कर दूरबीन को अंदर भेजा जाता है। मॉनिटर पर अंदर की स्थिति देखते हुए उसी छेद से अन्य बारीक औजारों से सर्जरी की जाती है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र चौपड़ा इंडियन स्पाइन सेंटर दिल्ली में एसआर शिप कर चुके हैं। लैमिनेक्टॉमी सर्जरी में स्पाइनल स्टेनोसिस के कारण होने वाले तंत्रिका दबाव को दूर करने के लिए स्पाइनल कैनाल को बड़ा किया जाता है।

ओवरटेक में ट्रैक्टर दूसरे पर चढ़ा, चालक बचा

हनुमानगढ़, (कासं)। मुकलावा क्षेत्र के गांव 4 एमके बस स्टैंड के समीप दो ट्रैक्टरों के बीच हुए हादसे में एक ड्राइवर ट्रैक्टर के नीचे दब गया। ग्रामीणों ने हाथों से ट्रैक्टर को उठाकर चालक को सकुशल बाहर निकाला। वहीं पुलिस के देरी से पहुंचने पर रोष भी जताया।

32 एमएल चौकी प्रभारी एएसआई राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि गांव 3 एम.के. का कुलदीप सिंह अपने 5-6 साथियों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में रजाई व गद्दे छोड़ने 32 एमएल जा रहे था। इस दौरान उनके पीछे सोनालिका ट्रैक्टर नरमे से भारी ट्रॉली के साथ ओवरटेक कर रहा था। ऊंचे तक भरे नरमे की ट्रॉली सड़क किनारे खड़े पेड़ की बड़ी शाखा में फंस गई। जिससे सोनालिका ट्रैक्टर बराबर चल रहे आयशर ट्रैक्टर को पलटाते हुए उसके ऊपर चढ़ गया। हादसे में आयशर ट्रैक्टर का चालक नीचे दब गया व ट्राली में बैठे युवक उछलकर सड़क किनारे कच्चे स्थान पर जा गिरे। हादसे में युवकों को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के बाद सोनालिका ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया।

- **बराबर चल रहे ट्रैक्टर दूसरे के ऊपर चढ़ गया**

हादसे के पश्चात करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रालियों को सड़क से हटाकर आवाजाही को सुचारू करवाया।

गायों की खेलियां साफ की

बीकानेर, (कासं)। सेवा योजना की ओर से सुबह नाल रोड स्थित स्याऊ बाबा मंदिर के पास सरेह नत्थानिया गोचर में बनी गायों की खेलियों में जमा कचरा व काई की सफाई की गई।

बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने बताया कि इस स्थान पर बड़ी तादात में पशुधन होने के कारण शहर के भामाशाहों ने अच्छी खासी संख्या में पीने के पानी के लिए खेलिया भी बना रखी है किन्तु समय पर सफाई के अभाव में इन खेलियों में अत्यधिक मात्रा में पॉलीथिन, प्लास्टिक बोतलें तथा अन्य कचरा जमा हो गया जिन्हें योजना के पदाधिकारियों ने श्रमदान करके साफ किया। योजना के मीडिया प्रभारी रामकुमार ओझा ने बताया कि खेलियों में जमा काई की सफाई करके ब्लीचिंग पाउडर का पोछा लगाया गया।

वीरान जोड़बीड़ योजना सरकारी दफ्तरों से होगी गुलजार

बीकानेर, (कासं)। 500 हेक्टेयर में बसाई गई जोड़बीड़ योजना के दिन अब फिरने वाले हैं। 2008 में जिन 2732 भूखंडों को खरीदा गया। वहां एक भी मकान अब तक नहीं बना। अब सरकारी महकमों के दफ्तर वहां बनने के बाद इलाके की रंगत बदलने लगेगी। 30 एकड़ जमीन बीकानेर तकनीकी विवि, 16 बीघा जमीन आयुर्वेद कॉलेज और अब 10 बीघा जमीन बीकानेर विकास प्राधिकरण की बिल्डिंग के लिए आवंटित की जा रही है।

अक्टूबर 2018 में बीकानेर तकनीकी विवि को तत्कालीन यूआईटी ने 30 बीघा जमीन फ्री दी थी। लेकिन 7 साल बीतने पर भी बीटीयू अपने कुछ कर्मचारियों के दबाव में बिल्डिंग नहीं बना रहा। नियमानुसार अब जमीन के आवंटन निरस्त करने पर भी विचार होने लगा है। हाल ही में आयुर्वेद कॉलेज को आवंटित 16 बीघा जमीन पर जल्दी ही काम शुरू होगा। इस योजना में अब चार चांद तब और लगेंगे जब यहां बीकानेर तकनीकी विवि. की जमीन आवंटित होने के बाद बिल्डिंग का काम शुरू होगा। जोड़बीड़ योजना पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने 2008 में यह योजना लांच की थी।

- **10 बीघा के कैम्पस में बनेगा बीडीए ऑफिस**

वन विभाग की भूमि पर कॉलोनी काटने को लेकर विवाद हुआ और मामला हाईकोर्ट में चला गया। केस पांच साल तक चला। तब यूआईटी ने 500 हेक्टेयर में 5514 भूखंड में से 2732 भूखंड बेच दिए थे। इस वजह से लोगों का रूझान इधर कम हुआ। 2008 में 2732 भूखंड बेचे गए थे, उसमें एक भी मकान नहीं बना। क्योंकि तब यूआईटी साधन-सुविधाएं भी नहीं दे पाई थी।

बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन जोड़बीड़ योजना से सटा हुआ है। रेल बाइपास की संभावना अब शून्य हो गई क्योंकि वर्तमान सरकार ने भी कोटगेट-सांखला फाटक पर अंडर पास-अंडर ब्रिज की परमिशन दी हुई है।

जनसुनवाई 20 को

बीकानेर। बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरूवार 20 मार्च को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक के बाद किया जायेगा। यह जानकारी प्रशिक्षु आईएएस एवं सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) अवुला साईकृष्ण ने दी।

सूचना यह सूचित किया जाता है कि मैं, राजेन्द्र गांधी, पुत्र भगवान दास, निवासी रामसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर, अपने पुत्र रजत गांधी एवं उनकी पत्नी श्रीमती रिंकू को, जिनसे मेरा अब कोई भी संबंध नहीं रहा है, मेरी चल और अचल सम्पत्ति से आज दिनांक 15/03/2025 से बेदखल करता हूँ। इन दोनों द्वारा किसी भी प्रकार के धर्म का पालन न करने और मेरे निर्देशों का उल्लंघन करने के कारण, मैं इन्हें अपनी सम्पत्ति से पूरी तरह से पृथक करता हूँ। इन दोनों द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के आर्थिक या व्यवसायिक संव्यवहारों के लिए मैं किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं हूँ।
यह सूचना सार्वजनिक रूप से जारी की जाती है।
राजेन्द्र गांधी पुत्र स्व. श्री भगवान दास, निवासी रामसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.) मोबाइलः 8696840001

रोजगार सहायता शिविर में युवाओं के पंजीकरण में शहर भाजपा करेगी सहयोग

बीकानेर, (कासं)। रोजगार विभाग और जिला प्रशासन द्वारा 21 मार्च को एमएम ग्राउंड में होने वाले रोजगार सहायता शिविर में युवाओं के पंजीकरण के लिए शहर भाजपा द्वारा भी सहयोग किया जायेगा। सोमवार को बीकानेर पश्चिम विधायक सेवा केन्द्र में शहर भाजपा तथा मंडल अध्यक्षों की मौजूदगी में इसके पोस्टर का विमोचन किया गया।

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पांच वर्षों में चार लाख से अधिक सरकारी नौकरियां और दस लाख रोजगार देने का संकल्प लिया है। इस श्रृंखला में अब तक आयोजित विभिन्न मुख्यमंत्री रोजगार उत्सवों के दौरान युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। रोजगार विभाग द्वारा भी नियमित रूप से रोजगार सहायता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 21 मार्च को होने वाले रोजगार सहायता शिविर का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिले, इसके लिए विधायक सेवा केन्द्र के साथ शहर भाजपा द्वारा भी विभिन्न स्थानों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में अगले तीन दिनों तक शिविर लगाते हुए युवाओं का पंजीकरण करवाया जायेगा।

रोजगार विभाग और जिला प्रशासन द्वारा 21 मार्च को लगाये जाने बाले रोजगार सहायता शिविर के पोस्टर का विमोचन विधायक जेठानंद व्यास ने किया।

- **कॉलेजों व कोचिंग संस्थानों में अगले तीन दिन तक पंजीकरण होगा**

शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि युवा वर्ग का सर्वांगीण विकास मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का सर्वोच्च संकल्प है। सरकार युवाओं के हितों को लेकर संकल्पबद्ध है तथा पिछले सवा साल में इसकी झलक देखने को मिली है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगाये जा रहे इस मेले की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जायेगी। इसके लिए मंडल अध्यक्षों के साथ निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार से इसकी शुरूआत की जायेगी।

होली मिलन व सम्मान समारोह

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के पदमपुर स्थित पारब्रह्म देव मंदिर में सिंधी समाज का होली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में शहीद हेमू कालानी को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद इष्ट देव झूलेलाल और पार ब्रह्म देव के समक्ष क्षेत्र की समृद्धि के लिए दीप प्रज्ज्वलित किए गए। न्यायाधीश अरूण चन्दानी और लवली चन्दानी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरूजनों के सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। साथ ही उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

समारोह में नवनियुक्त न्यायाधीश अरूण चन्दानी और लवली चन्दानी का विशेष सम्मान किया गया। इनके अलावा बैंकिंग सेवा में कार्यरत घनश्याम चन्दानी, मंजिल ठाकुर, लोकेश गौरी और डॉ. गौरव पारवानी को भी सम्मानित किया गया।

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 4780 दिनांक 11.03.2025
ई- निविदा-सूचना सं0 115/2024-25
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 20.00 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB20180
आयुक्त
राज.संवाद / सी / 24 / 13280 नगर निगम, बीकानेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101267 दिनांकः 13-03-2025
लोक सूचना
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजविन्द्र सिंह पिसरान श्री लाभ सिंह निवासी वार्ड नं. 06, 09 जी छोटी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थातः-

क्र. स.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 3 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजविन्द्र सिंह पिसरान श्री लाभ सिंह	चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 02 के किला नं. 22/3 में 0.1135 हैक्टे. यथाकुल 0.1135 हैक्टेयर	कुल 0.1135 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर